टीके की जानकारी का वक्तव्य

# RSV (रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस- Respiratory Syncytial Virus) वैक्सीन: *आपको क्या जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध है। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**RSV टीका रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस** (RSV) के कारण होने वाले निचले श्वसन पथ के रोग को रोक सकता है। RSV सामान्य श्वसन वायरस है, जो आमतौर पर हल्के, सर्दी जैसे लक्षणों का कारण बनता है।

RSV सभी उम्र के लोगों में बीमारी का कारण बन सकता है लेकिन शिशुओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से गंभीर हो सकता है।

- RSV अमेरिकी शिशुओं में अस्पताल में भर्ती होने का सबसे आम कारण है। 12 महीने तक की आयु वाले शिशुओं (विशेषकर 6 महीने और उससे कम आयु वाले) तथा समय से पहले जन्मे बच्चों, या जिन्हें फेफड़े या हृदय की दीर्घकालिक बीमारी है, या जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है, को गंभीर RSV रोग का खतरा अधिक होता है।
- RSV संक्रमण कुछ वयस्कों के लिए खतरनाक हो सकता है। गंभीर RSV रोग के लिए सबसे अधिक जोखिम वाले वयस्कों में वृद्ध लोग शामिल हैं, विशेष रूप से वे लोग जिन्हें दीर्घकालिक हृदय या फेफड़े की बीमारी है, जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है, कुछ अन्य दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियां हैं, या जो नर्सिंग होम में रहते हैं।

RSV वायरस के सीधे संपर्क से फैलता है, जैसे कि जब किसी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकली बूंदें आपकी आंखों, नाक या मुंह के संपर्क में आती हैं। यह किसी व्यक्ति द्वारा किसी सतह को छूने से भी फैल सकता है, जैसे कि दरवाजे का हैंडल, जिस पर वायरस लगा हो, और फिर अपने चेहरे को छूने से भी।

RSV संक्रमण के लक्षणों में नाक बहना, भूख में कमी, खांसी, छींकना, बुखार या घरघराहट शामिल हो सकते हैं। बहुत छोटे शिशुओं में, RSV के लक्षणों में चिड़चिड़ापन (घबराहट), गतिविधि में कमी, या एपनिया (10 सेकंड से अधिक समय तक सांस रोकना) भी शामिल हो सकते हैं।

अधिकांश लोग एक या दो सप्ताह में ठीक हो जाते हैं, लेकिन RSV अधिक गंभीर हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप सांस लेने में तकलीफ और ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। RSV ब्रोंकियोलाइटिस (फेफड़े में छोटे वायुमार्गों की सूजन) और निमोनिया (फेफड़े का संक्रमण) का कारण बन सकता है। RSV अन्य चिकित्सीय स्थितियों को भी खराब कर सकता है, जैसे अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (फेफड़ों की एक दीर्घकालिक बीमारी, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है) या हृदयाघात (जब हृदय पूरे शरीर में पर्याप्त रक्त और ऑक्सीजन पंप नहीं कर पाता)।

RSV से गंभीर रूप से बीमार होने वाले शिशुओं और वृद्धों को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता हो सकती है। कुछ तो मर भी सकते हैं।

## 2. RSV टीका

RSV से शिशुओं की सुरक्षा के लिए दो टीकाकरण विकल्प उपलब्ध हैं: गर्भवती महिला के लिए मातृ टीका या बच्चे को दिए जाने वाले निवारक एंटीबॉडी। अधिकांश शिशुओं की सुरक्षा के लिए इनमें से केवल एक विकल्प की आवश्यकता होती है।

CDC **गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के 32 वें सप्ताह से लेकर 36वें सप्ताह तक** RSV वैक्सीन की एक बार की खुराक देने की सिफारिश करता है, ताकि जीवन के पहले 6 महीनों के दौरान उनके शिशुओं में RSV रोग की रोकथाम की जा सके। संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकांश हिस्सों में यह टीका सितंबर से जनवरी तक दिए जाने की अनुशंसा की जाती है। हालांकि, कुछ स्थानों पर (उदाहरण के लिए, क्षेत्र, हवाई, अलास्का और फ्लोरिडा के कुछ भाग), टीकाकरण का समय उस समय के आधार पर भिन्न हो सकता है जब RSV उस क्षेत्र में फैलता है।

CDC 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी लोगों तथा **60 से 74 वर्ष की आयु के उन** वयस्कों के लिए **RSV टीके की एक बार की खुराक की सिफारिश करता है, जिनमें गंभीर आर.एस.वी. रोग का जोखिम अधिक है**। 60 से 74 वर्ष की आयु के वे वयस्क जो अधिक जोखिम में हैं, उनमें वे लोग शामिल हैं जिन्हें दीर्घकालिक हृदय या फेफड़े की बीमारी है, जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है, या कुछ अन्य दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियां हैं, तथा वे लोग जो नर्सिंग होम में रहते हैं।

RSV टीका अन्य टीकों के साथ ही दिया जा सकता है।

U.S. CENTERS FOR DISEASE CONTROL AND PREVENTION

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- RSV **वैक्सीन की पिछली खुराक के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया हुई हो**, या कोई **गंभीर, जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जी हो**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भविष्य की विजिट तक RSV टीकाकरण को स्थगित करने का निर्णय ले सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले लोगों का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं, उन्हें आमतौर पर RSV टीका लेने से पहले ठीक होने तक इंतजार करना चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. टीके के प्रति प्रतिक्रिया के जोखिम

- RSV टीकाकरण के बाद जहां टीका लगाया जाता है वहां दर्द, लालिमा और सूजन, थकान (थका हुआ महसूस करना), बुखार, सिरदर्द, मतली, दस्त और मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द हो सकता है।

कुछ वृद्ध वयस्कों में RSV टीकाकरण के बाद ग्युलेन-बैरे सिंड्रोम (Guillain-Barré syndrome, GBS) सहित गंभीर तंत्रिका संबंधी स्थितियां सामने आई हैं। इस समय, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में RSV टीका के बाद GBS के बढ़ते जोखिम की पुष्टि नहीं की जा सकती है या इसे खारिज नहीं किया जा सकता है।

RSV टीका लगवाने वाली गर्भवती महिलाओं में समय से पहले जन्म और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप प्री-एक्लेम्पिसिया सहित, की शिकायतें सामने आई हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ये घटनाएँ टीके के कारण हुई हैं।

कभी-कभी लोग चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं, जिनमें टीकाकरण शामिल है। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

V-safe एक सुरक्षा निगरानी प्रणाली है जो आपको CDC के साथ साझा करने की सुविधा देती है कि RSV टीका लगवाने के बाद आप या आपका आश्रित कैसा महसूस करते हैं। आप vsafe.cdc.gov. पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और V-Safe में नामांकन करा सकते हैं।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन प्रतिकूल घटना का रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं की रिपोर्टिंग के लिए है, तथा VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- वैक्सीन पैकेज इंसर्ट और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636** (**1-800-CDC-INFO**) पर कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org